nwda.gov.in

दिल्ली में ग्राउंड वॉटर की स्थिति सुधरी

AI image



विस, नई दिल्ली: राजधानी में ग्राउंड वॉटर की स्थिति में सुधार हुआ है। 34 में से पांच तहसीलों में पानी का स्तर सुधरा है। यह रिपोर्ट सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड (CGWB) ने जारी की है। हालांकि इस सुधार के बावजूद राजधानी की 13 तहसील ओवर एक्स्प्लॉइटेड और 12 क्रिट्रिकल कैटिगरी में रखी गई हैं। रिपोर्ट में सुझाव भी दिए हैं कि दिल्ली में अलग-अलग समय के अलग-तरह के पत्थर हैं। 89 प्रतिशत दिल्ली एलुवियम से घिरी है। एलुवियम नदियों और बाढ़ के जाने के बाद बची मिट्टी को कहा जाता है। दिल्ली में 2022-23 के दौरान कुल औसत ग्राउंड वॉटर रिचार्ज 0.38 बीसीएम रहा। साथ ही, सालाना निकाला गया भूजल 0.34 बीसीएम रहा।